## सार-समाचार

### लघु उद्योग भारती महिला इकाई ने विद्यार्थियों को 100 छाते बांटे

**कोटा,** (निसं)। लघु उद्योग भारती महिला इकाई की ओर से सेवा प्रकल्प के तहत विद्यार्थियों एवं वृद्धजनों के लिए सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही वृद्धजनों के साथ आत्मीय समय बिताकर उन्हें अपनत्व का एहसास कराया गया। सेवा प्रकल्प के अंतर्गत महिला इकाई की ओर से भारतीय विद्या मंदिर स्कूल, केशवपुरा में विद्यार्थियों को 100 छातों का वितरण किया गया। बारिश के मौसम में विद्यार्थियों को आवागमन के दौरान सुविधा मिले, इसी उद्देश्य से छाते वितरित किए गए। छाते पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी नजर आई। इस दौरान महिला इकाई की सदस्यों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार और मेहनत को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद महिला इकाई की टीम ने गोविंदराम मित्तल द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम पहुंचकर वहां निवासरत वरिष्ठजनों से मुलाकात की। इस दौरान वरिष्ठजनों को 50 चादरें भेंट की गईं। महिला इकाई की सदस्यों ने वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उनके साथ आत्मीय समय बिताया और उनकी कुशलक्षेम जानी। वरिष्ठजनों ने भी सेवा कार्य के लिए महिला इकाई की सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती महिला इकाई की अध्यक्ष चाँदनी पोद्दार ने कहा कि सेवा ही संगठन की सच्ची पहचान है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जरूरतमंदों की सहायता और वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। महिला इकाई द्वारा सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा और समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा की पहुंच सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएंगे।

### शिव महापुराण कथा का समापन

**कोटा,** (निसं)। सावन मास के पावन अवसर पर चित्तौड़े के नोहरे, बृजराजपुरा में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का रविवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ समापन हुआ। कथा के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। समापन समारोह में राजस्थान रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ भाजपा नेता संदीप भाटिया, वरिष्ठ नेता नवीन माथुर तथा वार्ड के निवर्तमान पार्षद अजय सुमन भी मौजूद रहे। कथा आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कथा व्यास राधे महाराज ने अतिथियों का साफा, माला एवं दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान राजेश कृष्ण बिरला ने सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन समाज को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने चारभुजा नाथ महिला मंडल की आयोजन में सहभागिता और श्रद्धालुओं की भक्ति भावना की भी प्रशंसा की। बिरला ने कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और धर्म की जड़ों से जोड़ने का अवसर मिलता है। सात दिनों तक चले कथा आयोजन में भगवान शिव की महिमा, शिव भक्ति और सनातन धर्म के विभिन्न आध्यात्मिक प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### 'गांधीजी की अस्थि विसर्जन स्थली को राष्ट्रीय स्मारक की पहचान मिले'

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कोटा से जुड़ी ऐतिहासिक स्मृति को संरक्षित करने की मांग उठी है। समाजसेवी एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय शंभू दयाल सक्सेना के शिष्य अरुण भार्गव ने संभागीय आयुक्त, नगर निगम आयुक्त एवं कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त को पत्र लिखकर महात्मा गांधी की अस्थि विसर्जन से जुड़े ऐतिहासिक शिलालेख को सम्मानजनक स्थान देकर स्मारक के रूप में विकसित करने की मांग की है। अरुण भार्गव ने बताया कि वर्ष 1948 में महात्मा गांधी की अस्थियां कोटा लाई गई थीं। चंबल नदी के सिंघाड़ा घाट पर तत्कालीन कोटा नगर पालिका के प्रथम अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय शंभू दयाल सक्सेना के नेतृत्व में हजारों नागरिकों की उपस्थिति में राष्ट्रपिता की अस्थियों का विसर्जन किया गया था। इस ऐतिहासिक घटना की स्मृति में वहां शिलालेख स्थापित किया गया था। 'यह पत्थर नहीं, कोटा के इतिहास की अमूल्य धरोहर है' भार्गव ने कहा कि यह शिलालेख महज पत्थर पर लिखे कुछ शब्द नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन, महात्मा गांधी और कोटा के ऐतिहासिक संबंध का जीवंत दस्तावेज है। वर्षों से लोग इस स्थान पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित करते रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतने महत्वपूर्ण ऐतिहासिक शिलालेख को आज तक वह सम्मानजनक स्थान और पहचान नहीं मिल सकी, जिसका वह हकदार है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस ऐतिहासिक धरोहर को उपेक्षित रखने के बजाय इसे कोटा के प्रमुख ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों में शामिल करने की पहल करनी चाहिए।

### वरिष्ठ नागरिकों ने गीत-संगीत और नृत्य के साथ सावन महोत्सव मनाया

**कोटा,** (निसं)। वरिष्ठ नागरिक संस्थान कोटा की ओर से 7 अगस्त को अगस्त माह की नियमित बैठक के साथ सावन महोत्सव का आयोजन निजी रिजॉर्ट में उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों ने गीत-संगीत, नृत्य, मनोरंजक खेलों और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर सावन की खुशियों को यादगार बनाया। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष टीपीएस सेठी ने मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला का स्वागत किया और संस्था की सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया। बिरला ने सभी वरिष्ठजनों को सावन महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए संस्थान द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को एक मंच पर लाकर उन्हें सक्रिय और खुशहाल जीवन से जोड़ना अपने आप में सराहनीय पहल है। एक्जीक्यूटिव चेयरमैन ब्रिगेडियर एनएस कपूर एवं सचिव तनुजा खन्ना ने संस्थान की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वधर्म प्रार्थना और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद अगस्त माह में जन्मदिन वाले संस्थान के सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी गई।

### डॉ.अनिता वर्मा और डॉ. रामावतार सागर देवगिरि साहित्य सृजन पुरस्कार से सम्मानित

**कोटा,** (निसं)। राधावल्लभ शर्मा स्मृति अखिल भारतीय कहानी प्रतियोगिता-2026 हेतु देवगिरि साहित्य सृजन सम्मान हेतु राजकीय महाविद्यालय, सागोंद की प्राचार्य डॉ. अनिता वर्मा और राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के हिंदी विभाग में प्रोफेसर डॉ.रामावतार सागर को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि देवगिरि साहित्य एवं शोध संस्थान, दौसा राजस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कहानी प्रतियोगिता के परिणाम पूर्व में घोषित किये गये थे। देशभर से प्राप्त हुई 121 कहानियों में डॉ.अनिता वर्मा की कहानी एज फेक्टर और डॉ. रामावतार सागर की कहानी और निर्वासन खत्म हो गया को देवगिरि साहित्य सृजन सम्मान हेतु रचनात्मकता और सामाजिक सरोकारों दर्शाती कहानियों की श्रेणी में चयन किया गया था। संस्थान की अध्यक्षा डॉ. निर्मला शर्मा ने बताया कि आज एक भव्य समारोह में सम्मान प्रदान किये गये।

### कावड़ यात्रा का स्वागत

**बूंदी** (निसं)। सावन के पावन अवसर पर बूंदी रामेश्वर महादेव से बारा बंकट व्यायामशाला महादेव के लिए रवाना होने वाली तीसरी डाक कावड़ यात्रा का आज ईश्वरी निवास, बूंदी में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाराव राजा वंशवर्धन सिंह बूंदी ने स्वयं कांवड यात्रियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने कहा कि भगवान महादेव के प्रति श्रद्धा और आस्था से जुडी कांवड़ यात्रा हमारी सनातन परंपरा और धार्मिक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसी यात्राएं युवाओं को धर्म, संस्कार और सेवा से जोडने का कार्य करती हैं। उन्होंने सभी कांवड़ यात्रियों को यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए भगवान महादेव से सभी के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने कहा कि बूंदी की धरती सदैव धर्म, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए जानी जाती रही है।शिवभक्तोंकी यह यात्रा श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है।

# नगर निकाय चुनाव में कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे : ऊर्जा मंत्री

**कोटा,** (निसं)। आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर विधानसभा क्षेत्र सांगोद स्थित काशीपुरी धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने की।

कार्यक्रम के दौरान निकाय चुनावों की रणनीति, बूथ प्रबंधन और संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि नगर निकाय चुनाव लोकतंत्र की प्राथमिक सीढ़ी हैं और इनमें सफलता

■ ऊर्जा मंत्री ने सांगोद में जनसुनवाई की



आगामी नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर विधानसभा क्षेत्र सांगोद में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई है।

हासिल करने के लिए संगठन का बूथ स्तर तक मजबूत होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाएं।

मंत्री नागर ने इस बात पर विशेष बल दिया कि बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाकर प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। सांगठनिक मंथन में निकाय चुनाव प्रभारी ललित शर्मा, प्रधान जयवीर सिंह अमृतकुआं, उप प्रधान ओम नागर अडूसा, क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष ओम मेहता तथा मण्डल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी सहित स्थानीय संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान भाजपा देहात जिलाध्यक्ष प्रेम गोचर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत है।

उन्होंने कहा कि अनुशासित और समर्पित कार्यकर्ता के बल पर ही भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव में सफलता का परचम लहराती है। आगामी निकाय चुनावों में भी बूथ स्तर का सुदृढ़ प्रबंधन ही हमारी ऐतिहासिक जीत की राह आसान करेगा। संगठनात्मक बैठक से पूर्व, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सुबह सांगोद स्थित अपने निजी आवास पर कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने जनसुनवाई की। जहाँ क्षेत्रवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं से मंत्री नागर को अवगत कराया। ऊर्जा मंत्री ने मौके पर ही मौजूद संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

## जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

■ ट्राइबल वीक के दौरान लगभग तीन हजार पौधों का रोपण किया

**कोटा,** (निसं)। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर के विकास तथा जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय परिवार में जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समाज की प्रकृति-केंद्रित जीवन-दृष्टि और पर्यावरण संरक्षण की समृद्ध परंपरा को भी रेखांकित किया गया। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आर.डी.मीना, पूर्व जिला प्रमुख भरत मारन, कमला मीना, आईपीएस अधिकारी बालमुकुंद मीना, रिटायर आर.ए.एस. अधिकारियों एवं समाज के गण मान्यों की मौजूदगी में विश्व आदिवासी दिवस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्य किया। पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया।

विश्वविद्यालय में आयोजित ट्राइबल वीक के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को विशेष प्राथमिकता देते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से व्यापक स्तर पर लगभग तीन हजार पौधों का रोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर को अधिक हरा-भरा एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना विकसित करना रहा। विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय परिवार ने पौधों की नियमित देखभाल और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प भी व्यक्त किया।

ट्राइबल वीक के अंतर्गत आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति देने के उद्देश्य से आदिवासी थीम आधारित ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से आदिवासी जीवन, संस्कृति, परंपराओं, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के साथ-साथ आदिवासी कला एवं सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न पक्षों को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के संविधान पार्क में समाज के भामाशाहों एवं दानदाताओं के योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करने के लिए विशेष पट्टिकाएँ स्थापित की गई है, जिन पर उनके नाम अंकित हैं। विश्वविद्यालय के विकास, शैक्षणिक गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों में सहयोग देने वाले भामाशाहों एवं दानदाताओं के योगदान को इस माध्यम से सम्मान दिया गया है।

## रिटायरिंग रूम में यात्री की बिगड़ी तबियत, चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई

**कोटा,** (निसं)। रेलवे स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों की सजगता और त्वरित कार्रवाई से रिटायरिंग रूम में अचानक अस्वस्थ हुए एक यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 13237 पटना-कोटा एक्सप्रेस से लखनऊ से कोटा पहुंचे 66 वर्षीय यात्री रामजन्म चौबे ने कोटा स्टेशन पर रिटायरिंग रूम बुक किया था, रिटायरिंग रूम में ठहरने के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। घटना की जानकारी मिलते ही रिटायरिंग रूम अटेंडेंट ने बिना समय गंवाए वाणिज्य नियंत्रण कक्ष, कोटा को सूचना दी। वाणिज्य नियंत्रण कक्ष ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करते हुए उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) विकास कुमार गुप्ता, स्टेशन अधीक्षक तथा रेलवे अस्पताल, कोटा को जानकारी दी। साथ ही, यात्री के लिए तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कराई गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यात्री की स्थिति की जानकारी मिलते ही रेलवे स्टॉफ ने प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई की। उप स्टेशन अधीक्षक विकास कुमार गुप्ता स्वयं तत्काल मौके पर पहुंचे और यात्री की स्थिति का जायजा लिया। यात्री की जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर उनके परिजनों की जानकारी प्राप्त की गई। इसके बाद कोटा में रहने वाले उनके रिश्तेदार का मोबाईल नंबर प्राप्त कर उनसे तत्काल संपर्क किया गया और उन्हें स्टेशन पहुंचने की सूचना दी गई। इसी दौरान स्टेशन कर्मचारियों की मदद से यात्री को सुरक्षित रूप से एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। यात्री के रिश्तेदार भी कुछ ही समय में कोटा स्टेशन पहुंच गए।

## भारत-तिब्बत सहयोग मंच कोटा जिला की बैठक संपन्न

**कोटा,** (निसं)। भारत-तिब्बत सहयोग मंच, कोटा जिला की बैठक तिलक हायर सेकेंडरी स्कूल, महावीर नगर विस्तार योजना में मुख्य अतिथि एवं प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद कौशल तथा जिला अध्यक्ष कुंजबिहारी गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मंचस्थ प्रांतीय महामंत्री अरविंद सिसोदिया, प्रांतीय बौद्धिक प्रमुख जटाशंकर शर्मा, प्रांतीय महिला प्रमुख राजेश शर्मा एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष छुट्टनलाल शर्मा ने संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री लोकेश गौतम ने किया। बैठक में भारत-तिब्बत सहयोग मंच द्वारा श्रावण मास में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों, कैलाश मानसरोवर मुक्ति हेतु श्रावण संकल्प अभियान, कैलाश मानसरोवर मुक्ति यात्राओं के आयोजन सहित नवंबर माह में अरुणाचल प्रदेश की तिब्बत सीमा तक जाने वाली तवांग यात्रा के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद कौशल ने कहा, "तिब्बत की चीन से आजादी भले ही आज असंभव लगती हो, किंतु आने वाले कालखंड में ऐसी परिस्थितियों का निर्माण होगा कि तिब्बत आजाद होकर रहेगा। इसी तरह भगवान शंकर का निवास स्थान कैलाश मानसरोवर भी चीन से मुक्त होकर हमें मिलेगा।" प्रांतीय महामंत्री अरविंद सिसोदिया ने कहा, "मंच द्वारा प्रतिवर्ष नवंबर माह में गोहाटी से अरुणाचल प्रदेश-तिब्बत सीमा स्थित बौद्ध मठ तवांग तक तवांग यात्रा आयोजित की जाती है।

यह यात्रा राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण है, जो अरुणाचल प्रदेश से चीन को संदेश देती है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है।" प्रांतीय बौद्धिक प्रमुख जटाशंकर शर्मा ने मंच की सांस्कृतिक एवं अंतरराष्ट्रीय कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि हमें अपनी संस्कृति धरोहरों से नई पीढ़ियों को अवश्य परिचित करवाना चाहिए।

**खोया पाया**

सुगनचंद गुप्ता पुत्र रामदास गुप्ता 3-F-19 विज्ञान नगर कोटा का अदेय प्रमाण पत्र (नोड्यूज सर्टिफिकट) कही गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करे

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-161 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना** दिनांक-5.8.2026

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा दुकान/भूखण्ड संख्या-45 जे.पी. मार्केट व्यावसायिक योजना का आवंटन/नामहस्तारण क्रमांक 4680 दिनांक 30.03.2005 को श्री महावीर प्रसाद जैन पुत्र श्री मदनमोहन को जारी किया गया। श्री महावीर प्रसाद जैन की मृत्यु दिनांक 06.07.2025 को मृत्यु हो जाने के उपरांत विधिक वारिसान/वसीयत/हक त्याग (रिलीज डीड) के आधार पर श्री मोलिक जैन पुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद जैन द्वारा उक्त भूखंण्ड/दुकान को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड्/दुकान संख्या- 45 जे.पी. मार्केट व्यावसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण आवेदक श्री मोलिक जैन पुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

**उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

## 'सफलता के साधन' पुस्तक का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। शिक्षाविद् एवं लोकप्रिय स्वतंत्रता सेनानी स्व. शंभूदयाल सक्सेना की स्मृति में उनके सुपौत्र डॉ.अरुण प्रधान (वरिष्ठ विशेषज्ञ, एसएमएस अस्पताल जयपुर) द्वारा रचित पुस्तक सफलता के साधन का रविवार को भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर विज्ञान नगर स्थित आश्रय भवन, करणी नगर विकास समिति के सभागार में विमोचन संपन्न हुआ।



स्व. शंभू दयाल सक्सेना की स्मृति में रचित 'सफलता के साधन' पुस्तक का विमोचन किया।

स्व. शंभूदयाल सक्सेना के सुपौत्र व कार्यक्रम आयोजक डॉ.अरुण प्रधान, इंजीनियर तरुण प्रधान व पुत्रवधु सुशीला सक्सेना सेवानिवृत अध्यापिका ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिमोहन शर्मा (पूर्व आचार्य राजकीय महाविद्यालय कोटा) थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपी गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुमन भंडारी, प्रवीण भंडारी (आश्रय करणी नगर विकास समिति कोटा), बजरंगलाल (पूर्व प्राचार्य राजकीय एवं वाणिज्य महाविद्यालय कोटा), वीरेंद्र सक्सेना (वरिष्ठ अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय) एवं समाजसेवी अरुण भार्गव थे। डॉ.अरुण प्रधान ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर आयोजित होने वाला यह आयोजन स्वतंत्रता सेनानी स्व.शंभू दयाल सक्सेना के विचारों, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान, शिक्षा के प्रति उनके समर्पण व राष्ट्रीय सेवा के मूल्यों को संजोने एवं नई पीढ़ी तक उन्हें पहुंचाने का एक छोटा सा प्रयास है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिमोहन शर्मा ने कहा कि स्व. शंभूदयाल सक्सेना ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। वे कोटा के गांधी कहलाए। आंदोलन के दौरान वे कई बार जेल भी गए। उन्होंने सफलता के गुर भी सुझाए। आरपी गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी शंभूदयाल सक्सेना का स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए शिक्षा व सहकारिता के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व योगदान रहा है।

समाजसेवी अरुण भार्गव ने भी शंभू दयाल सक्सेना के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब कोटा में महात्मा गांधी की अस्थियां लाई गई थी और उन्हें चंबल में विसर्जित किया गया था, उस समय स्वतंत्रता सेनानी स्व.शंभू दयाल सक्सेना द्वारा छोटी समाज रामपुरा सिंघाड़ा घाट पर एक शिलालेख लगवाया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र सक्सेना ने कहा कि शंभू दयाल सक्सेना स्वतंत्रता आंदोलन, शिक्षा व सहकारिता क्षेत्र के साथ-साथ समाज मे सक्रिय रहे, कार्यक्रम में मौजूद अन्य अतिथियो ने भी स्व.शुभूदयाल सक्सेना के जीवन पर प्रकाश डाला।

**तीये की बैठक**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**आर्किटेक्ट विश्वनाथ शर्मा (फलोड)**

का बैकुण्ठवास दिनांक 08.08.2026 को हो गया है। तीये की बैठक आज दिनांक 10.08.2026 को सायं 5 से 6 बजे तक महावीर स्कूल सी-स्कीम, जयपुर पर होगी।

शोकाकुल परिवार

हरीमोहन-शिवबाला, कृष्णमोहन-सन्तोष, शिवमोहन-इन्द्रा (पुत्र-पुत्रवधू), नरेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार (भ्राता), नरेश, दिनेश, लोकेश, प्रतीक, प्रवीण, प्रशान्त (भतीजे), नवीन, हर्ष, डॉ.गौरी, डॉ.ऋषि, एडवोकेट लक्ष्य, उदय, धनंजय, आयुष्मान, अद्विक (पौत्र), स्वाती-अरविन्द भाभडा, श्वेता-नितीश शर्मा (पौत्री-दामाद) एवं समस्त फलोड परिवार

**विश्व प्रेम चैम्बर्स, अजमेर रोड, जयपुर**

मो.: 9660961113, 9828011025, 9828112525

## भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ मनाई

**कोटा,** (निसं)। भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को सुबह 10 बजे रामपुरा स्थित गांधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों एवं सेनानियों को नमन किया।

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की अगुवाई में कांग्रेस ने देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी दिलाने के लिए निर्णायक संघर्ष किया। महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' और 'करो या मरो' का नारा देकर देशवासियों में स्वतंत्रता की नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि 8 अगस्त 1942 को मुंबई में कांग्रेस की बैठक में भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव पारित हुआ और 9 अगस्त से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ यह आंदोलन देशभर में व्यापक रूप से फैल गया। अंग्रेजों ने आंदोलन को दबाने के लिए हजारों स्वतंत्रता सेनानियों को जेलों में बंद किया, लेकिन देशवासियों का हौसला नहीं टूटा। अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। राखी गौतम ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया और कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ताओं ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपना जीवन देश के नाम कर दिया। उन्होंने कहा कि आजादी का इतिहास कांग्रेस और उसके नेताओं तथा लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान से लिखा गया है। भाजपा पर राजनीतिक हमला बोलते हुए राखी गौतम ने कहा कि भाजपा और उसके नेताओं का देश की आजादी के आंदोलन में कोई योगदान नहीं रहा।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

**परिशिष्ट-IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8 ( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई- नीलामी विक्रय सूचना**

आमजन को साधारण तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के नाम से ज्ञात जो कि आगे **AFL** सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को **"जैसे है जहां है" एवं जो भी है जैसा भी है** के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह सूचित किया जाता है ई-नीलामी वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्त्ता का नाम | बकाया राशि दिनांक | 13(2) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनांक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | ई-नीलामी की तिथि व समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-नीलामी निविदा खोलने व जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र, संपत्ति विजिट दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खाता सं. : 241217904208579 **कालू लाल,** शंकर लाल, पेपा बाई जमानतदार : गोरधन लाल | ₹ 842461/- बकाया दिनांक 06 अगस्त 2026 | 05 जून 2025 ₹ 600284/- बकाया दिनांक 04 जून 2025 | 20 अप्रैल 2026 | गांव-छान जी.पी. डोबरा पट्टा नं. ( जेड्ब्ल्यूआर ) 50577, पी.एस. डग, जिला-झालावाड़ राजस्थान ( भारत )-326514/ **क्षेत्रफल 1450 वर्ग फीट** | ₹ 998000/- | ₹ 99800/- | प्रात:11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 14 सितम्बर 2026 | 13 सितम्बर 2026 तक या इससे पहले | पहली मंजिल, आन्ध्रा बैंक के ऊपर, वार्ड नं. 15, मंगलपुरा रोड़, झालावाड़-326001, राजस्थान -भारत | गोपाल सिंह-8955003842 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 12 सितम्बर 2026 प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक |

**ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:-**

(1.) बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AFL सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है, "जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्त सम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। (2.) ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, **जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के नाम से देय है, चालू खाता संख्या 00548470000107** AAAVAS FINANCIERS LIMITED पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर – 302020 **IFSC कोड : HDFC0000054** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auction@aavas.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ **आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नं.** भेजने की आवश्यकता होगी। (3.) सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए **वेबसाईट** https://sarfaesi.auctiontiger.net & **https://aavas.in/sarfaesi-sale-notices** अवश्य देखें। ई-नीलामी, सहायता प्रक्रिया, ऑनलाईन प्रशिक्षण और अधिक जानकारी के लिए **ई-मेल auction@aavas.in** व **ramprasad@auctiontiger.net**, **मोबाईल नं. 8000023297** पर सम्पर्क करें। **(आवास सम्पर्क सूत्र : गोपाल सिंह- 8955003842, मोहम्मद कलीम-7849821425)**

**नोट:-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**स्थान : राजस्थान** **दिनांक: 10.08.2026** **प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**